इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम का शिलान्यास

-राज्य स्मार्ट सिटी मिशन में वित्त मंत्री ने माउस दबाकर रखी आधारशिला

शेखर टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। आजादी के अमृत महोत्सव एवं चौरी चौरा शताब्दी महोत्सव के आयोजन की श्रृंखला में काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगॉठ के उपलक्ष्य में नगर निगम द्वारा राज्य स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आई0टी0एम0एस0) शिलान्यास गॉधी भवन प्रेक्षागृह में किया गया।

मुख्य अतिथि मंत्री द्वारा दीप प्रज्जवलित कर व अमर शहीद ठाकुर रोशन सिंह, पं0 रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खॉ, राजेन्द्र लहरी के चित्र पर पुष्पांजॅलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिला प्रशासन एवं नगर निगम के संयुक्त तत्वाधान में गॉधी भवन प्रेक्षागृह में आयोजित मुख्य अतिथि मंत्री वित्त, संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग उ0प्र0 सरकार सुरेश कुमार खन्ना द्वारा काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगॉठ के उपलक्ष्य में राज्य स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) का माउस दबाकर शिलान्यास किया।

इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम शिलान्यास करते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना

गांधी भवन में काकोरी काण्ड के नायकों को फांसी का दृश्य

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि केन्द्र की मोदी एवं प्रदेश की योगी सरकार विकास के कार्यो में नम्बर वन है। उन्होंने कहा कि राज्य स्मार्टसिटी मिशन अन्तर्गत इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेन्ट सिस्टम के लग जाने से एक नये तरह का ट्रैफिक मैनेजमेन्ट शाहजहांपुर निवासियों को मिलेगा जिससे जनपदवासियों को ट्रैफिक से निजात मिलेगी। वित्त मंत्री ने कहा कि इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेन्ट सिस्टम परियोजना पर तीव्र गति से कार्य कराया जाएगा और जल्द ही जनता के हित में समर्पित कर दिया जाएगा।

मण्डला आयुक्त आर रमेश ने कहा कि कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के अथक प्रयासों से इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेन्ट सिस्टम का प्रोजेक्ट जनपद को मिला है। प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूर्ण कर दिया जाएगा। विशिष्ट अतिथि आयुक्त बरेली मण्डल आर0 रमेश कुमार, जिलाधिकारी/प्रशासक इन्द्र विक्रम सिंह, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, विधायक रोशनलाल वर्मा, मानवेन्द्र सिंह, निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव, राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष सुरेन्द्रनाथ वाल्मीकि, को-ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष जी0पी0 एस राठौर, अपर जिलाधिकारी रामसेवक द्विवेदी, सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार, सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, नगर स्वास्थ्य अधिकारी वीरेन्द्र कुमार वर्मा, महानगर अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत वीरेन्द्र प्रताप सिंह यादव, क्षेत्रीय सभासदगण व नगर के विभिन्न स्कूल, कॉलेजों के बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का संचालन कवि डॉ0 इन्दु अजनवी ने किया।